जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

31 जनवरी 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (JMI) ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जामिया स्कूलों का संयुक्त ई-प्रॉस्पेक्टस, परीक्षा नियंत्रक, JMI की वेबसाइट- http://jmicoe.in पर अपलोड कर दिया है।

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सैयद आबिद हुसैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल (प्राइमरी सेक्शन सहित) (सेल्फ/फाइनेंस), जामिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (सेल्फ फाइनेंस) और मुशीर फातमा नर्सरी स्कूल के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म 1 फरवरी, 2024 से उपलब्ध होंगे और 500/- रुपये के आवेदन शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 फरवरी 2024 है। इन स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र http://jmicoe.in पर ऑनलाइन जमा किया जा सकता है।

विश्वविद्यालय के बालक माता केंद्रों के आवेदन फॉर्म भी 1 फरवरी, 2024 से उपलब्ध होंगे और 50/- रुपये के आवेदन शुल्क के साथ आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 29 फरवरी, 2024 है। आवेदन पत्र (हार्ड कॉपी) बालक माता केंद्रों में प्रवेश के लिए मटिया महल, कसाबपुरा और बेरीवाला में उपलब्ध होंगे और संबंधित केंद्रों पर जमा किए जाएंगे।

अधिक विवरण और प्रवेश अपडेट के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट: https://www.jmi.ac.in पर जाएं।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया